हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 9 जुलाई 2024

06 तेज रफ्तार कार बिजली के खंभे में जा घुसी...



07 स्कूल में बगैर अनुमति के अनुपस्थित होने वाले ...





### पुलिस ने किया अज्ञात कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज

# अनियंत्रित गति से कार चलाकर बाइक को चालक ने मारी टक्कर, 3 की मौत

छोटे एवं बड़े वाहनों की गति पर अंकुश लगाने में संबंधित विभाग नाकाम साबित हो रहा है। रविवार-सोमवार की दरम्यानी रात्रि एक कार चालक ने तेज गति एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक पर सवार 3 लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम/इटारसी

नर्मदापुरम में रविवार देर रात करीब सवा 10 बजे कार से टकराकर बाइक सवार 3 लोगों की मौत हो गई। हादसा इटारसी के पास सनखेड़ा फोरलेन रोड बैतूल-औबेदुल्लागंज नेशनल हाईवे 46 पर हुआ। स्विफ्ट डिजायर कार नागपुर से भोपाल की तरफ तेज रफ्तार में जा रही थी। मोटरसाइकिल चालक ने बाइक फोरलेन पर गलत साइड से चढ़ा दी। रॉन्ग साइड में बाइक आ जाने से ड्राइवर कार की स्पीड को कंट्रोल नहीं कर पाया। टक्कर इतनी तेज हुई कि तीनों बाइक सवार 10 फीट तक उछलकर गिरे। कार भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। दुर्घटना में सनखेड़ा के रहने वाले नंदलाल पटेल (58), गोपालदास पटेल (55) और पुरानी इटारसी निवासी राजेंद्र यादव (45) की मौत हुई है।



### रैसलपुर से लौट रहे थे बाइक सवार तीनों लोग

ठाकुरलाल चौधरी ने बताया कि उनके बहनोई गोपालदास पटेल, नंदलाल पटेल सनखेड़ा में एक ही मोहल्ले में रहते थे। राजेंद्र यादव उर्फ राजू पुरानी इटारसी के दीवान कॉलोनी में रहते थे। नंदलाल इटारसी में वेयरहाउस प्लांट पर मजदूरी करते थे। गोपालदास पटेल किसानी और दूध बेचने का काम करते थे। राजू यादव भी मजदूरी करते थे। तीनों एक ही बाइक से रैसलपुर से किसी कार्यक्रम से लौट रहे थे। टारसी सिटी थाने के टीआई गौरव बुंदेला ने बताया कि तीनों बाइक सवारों को अस्पताल लाया गया लेकिन उनकी मौत हो चुकी थी। सोमवार सुबह तीनों शवों के पोस्टमॉर्टम हुए।

### पुलिस ने कार चालक पर मामला दर्ज किया

घटना की जानकारी लगते ही थाना प्रभारी सहित पुलिस टीम घटना स्थल पर पहुंची और हादसे की जानकारी ली। पुलिस की टीम तीनों को अस्पताल लेकर आये मगर तब तक उनकी मौत हो गई थी। परिजनों को सूचना मिलते ही अस्पताल में परिजनों और ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। टीआई गौरव बुंदेला ने बताया कि बाइक चालक फोरलेन पर गलत दिशा से चढ़ रहे थे, इसी वजह से हादसा हो गया। तेज रफ्तार कार से बाइक की जोरदार टक्कर हो गई। पुलिस ने विनोद पिता गया प्रसाद पटेल 41 वर्ष निवासी सनखेड़ा की शिकायत पर कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### *कार की टक्कर से बछिया की मौत, मामला दर्ज*

*नर्मदापुरम में कार से टकराकर बछिया की मौत के बाद भीड़ ने गाड़ी घेर ली। घटना ग्वालटोली काली मंदिर के सामने रविवार - सोमवार की दरमियानी रात 11.45 बजे की है। ड्राइवर के समाज के लोग भी आ गए। पुलिस के सामने ही लोग आक्रोशित दिखे। पुलिस ने हालात बिगड़ने से बचाए। लोगों ने कार की चाबी निकाल ली थी। पुलिस से बोले, 'वो लड़का कहां है, जो गाड़ी चला रहा था, भगा दिया...।' कोतवाली टीआई ने उन्हें समझाते हुए कहा, 'हम ढूंढ लेंगे, गाड़ी है न ...बस आप लोग चाबी दो।' आरोपी ड्राइवर और कार को थाने लाया गया। गाय मालिक की शिकायत पर देर रात 1 बजे ड्राइवर परवेज खान पर एफआईआर की गई। इसके बाद लोगों का गुस्सा शांत हुआ। गाय मालिक विवेक यादव ग्वालटोली के रहने वाले हैं। उन्होंने पुलिस को बताया, 'रात में मैं, नर्मदाप्रसाद और ध्रुव काली मंदिर के पास खड़े थे। स्विफ्ट कार (एमपी 05 सीए 7514) सिंधी कॉलोनी की ओर से स्पीड में आई। मंदिर के घूम रही बछिया को टक्कर मार दी। लोगों ने कार को रोका तो ड्राइवर परवेज खान ने गाली-गलौज की। इससे लोगों का गुस्सा और बढ़ गया।' कोतवाली टीआई सौरभ पांडे ने बताया कि ड्राइवर को रात में ही हिरासत में ले लिया गया था।*



# आबकारी टीम ने पकड़ी 20 लीटर अवैध भट्‌टी शराब, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर सोनिया मीना के अवैध शराब विक्रय के परिपेक्ष में निर्देश एवं आबकारी अधिकारी अरविंद सागर के निर्देशन में नर्मदापुरम शहर में आबकारी दल की संयुक्त टीम के द्वारा दबिश एवं तलाशी कार्रवाई की गई। जिसमें सिकली कर मोहल्ला बंगाली कॉलोनी रेलवे पटरी के आसपास के क्षेत्रों में तलाशी के दौरान लगभग 350 किलोग्राम लावारिश महुआ लहान बरामद कर मदिरा बनाने के अयोग्य किया गया।

वहीं लावारिश 20 लीटर हाथ भट्टी महुआ शराब जप्त कर मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34 के अंतर्गत अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।जबकि तीन आरोपियों से 6 लीटर हाथ भट्टी महुआ शराब जप्त कर आबकारी अधिनियम की धारा 34 1 का प्रकरण कायम कर न्यायालय में पेश होने हेतु कहा गया एवं जमानत मुचलके पर रिहा किया गया।



कार्रवाई में आबकारी उप निरीक्षक वृत नर्मदापुरम ए वासुदेवाचार्य त्रिपाठी, वृत इटारसी राजेश साहू, कृष्णकांत पड़रिया के साथ नर्मदापुरम तथा इटारसी के आबकारी दल के संपूर्ण स्टाफ का योगदान था। जिला आबकारी अधिकारी अरविंद सागर ने बताया कि अवैध मदिरा परिवहन ,निर्माण एवं विक्रय के खिलाफ नर्मदा पुरम में आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

### आयुक्त गूगलमीट से करेंगे समीक्षा

**नर्मदापुरम।** केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा जनहित के लिए संचालित योजनाओं को अमलीजामा पहनाने के लिए प्रशासन द्वारा कवायद शुरू की गई है। आयुक्त नर्मदापुरम कृष्ण गोपाल तिवारी गूगलमीट के माध्यम से प्रति सोमवार योजनाओं की समीक्षा नियमित रूप से करेंगे। संयुक्त आयुक्त विकास नर्मदापुरम जीसी दोहर ने उक्त जानकारी देते हुए नर्मदापुरम, हरदा एवं बैतूल कलेक्टर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अपर कलेक्टर से कहा है कि आयुक्त द्वारा प्रति सोमवार प्रातः 9.30 बजे से 10 बजे तक शासन के सर्वोच्च प्राथमिकता वाले महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर चर्चा एवं समीक्षा की जाएगी। उन्होंने सर्वसंबंधितों से कहा है कि वे अद्यतन जानकारी के साथ नियमित रूप से उपस्थित रहे।

# जिले में अब तक 174.1 मिलीमीटर वर्षा दर्ज

### गत वर्ष इसी अवधि में हुई थी 192.3 मिमी वर्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिले में 1 जून से 8 जुलाई को प्रातः 8 बजे तक जिले में 174.1 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई है। गत वर्ष इसी अवधि में 192.3 मिलीमीटर वर्षा हुई थी। अधीक्षक भू-अभिलेख नर्मदापुरम ने बताया है कि 8 जुलाई 2024 को प्रातः 8 बजे तक तहसील नर्मदापुरम में 25.7 मिलीमीटर, सिवनीमालवा में 3.0 , इटारसी मे निरंक, माखननगर में 4.0, सोहागपुर में 20.2, पिपरिया में 48.0 , बनखेड़ी 13.4, पचमढ़ी में 0.0 एवं डोलरिया तहसील में निरंक मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई है। जिले की सामान्य औसत वर्षा 1370.5 मिलीमीटर है। अधीक्षक भू-अभिलेख नर्मदापुरम ने बताया है कि मानसून की वर्षा सतत जारी है। इसके चलते नर्मदा नदी एवं विभिन्न जलाशयों में भी जलस्तर में वृद्धि हो रही है। वर्तमान में सेठानी घाट का जलस्तर 934 फीट है, तवा जलाशय का 1120.80 फीट है, बरगी जलाशय का 411.15 मीटर एवं बारना जलाशय 343.05 मीटर दर्ज किया गया है। उल्लेखनीय है सेठानी घाट का अधिकतम जल भराव 967 फीट है, तवा जलाशय का अधिकतम जल भराव 1166 फीट है, बरगी जलाशय का जल भराव 422.76 मीटर है तथा बारना जलाशय का अधिकतम जल भराव 348.55 मीटर है।

# 200 किमी का सफर तय कर ग्रामीण संस्कृति से रूबरू हुए, साइकिलिस्टों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड एवं जिला प्रशासन के द्वारा साइकिल सफारी के सहयोग से टूर.डी सतपुड़ा 2024 का आयोजन 5 जुलाई से किया गया था। जिसमें देश एवं विदेश के 16 साइक्लिस्ट छिंदवाड़ा और नर्मदापुरम जिले में 200 किलोमीटर का रोमांचक सफर तय किया।

छिंदवाड़ा से शुरू होने वाली सफारी में सायक्लिस्ट को प्राकृतिक सौंदर्य के बीच चुनौतीपूर्ण चढ़ाई का सामना किया। सतपुड़ा पर्वत श्रृंखलाओं के मनोरम गंतव्यों के अलावा उन्हें ग्रामीण जीवन व संस्कृति देखने का मौका भी मिला ।

प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति विभाग और प्रबंध संचालक मप्र टूरिज्म बोर्ड श्री शिव शेखर शुक्ला ने बताया कि टूर.डी सतपुड़ा के माध्यम से प्रदेश की आफबीट डेस्टिनेशन्स में मौजूद सुंदर परिदृश्य, वन्य जीवन और सांस्कृतिक विरासत से अवगत कराना चाहते हैं।

साइकिल सफारी के आयोजन का उद्देश्य मध्यप्रदेश को एडवेंचर टूरिज्म डेस्टिनेशन के रूप में स्थापित करने के साथ ही क्षेत्र के समग्र विकास को बढ़ावा देना है। छिंदवाड़ा, पातालकोट, तामिया, पचमढ़ी को साइक्लिंग कम्युनिटी के मध्य लोकप्रिय भी बनाना है।जिससे इस मार्ग पर नियमित रूप से साइक्लिंग गतिविधि संचालित हो सके। टूरिज्म बोर्ड के ज्वाइंट डायरेक्टर डॉ एस के श्रीवास्तव ने बताया किए सभी प्रतिभागी 04 जुलाई को कैंप में पहुंचे जहां उनकी ब्रिफिंग हुई और 5 जुलाई से 7 जुलाई तक सभी दिन प्रतिभागियों ने प्रकृति का आनंद लेते हुए साइकिलिंग करते हुए पचमढ़ी पहुंचे सभी की सुरक्षा की व्यवस्थाओं के साथ यह आयोजन पूर्ण किया गया । होटल हाइलैंड में समापन के दौरान प्रतिभागियों को सहायक संचालक एडवेंचर कैलाश सिंह द्वारा प्रमाणपत्र वितरण किए गए।

# 'सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए टीकाकरण को बढ़ावा मिले'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

संभागायुक्त केजी तिवारी ने सोमवार को संभाग के तीनों जिलों के कलेक्टर्स, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं अपर कलेक्टर के कार्यों की गूगल मीट के माध्यम से समीक्षा की। संभागायुक्त तिवारी ने नर्मदापुरम, बैतूल एवं हरदा के कलेक्टर को निर्देश दिए की वे अपने-अपने जिलो में महिलाओं को होने वाले सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए आवश्यक कदम उठाएं। 9 से 14 वर्ष की बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर विरोधी टीके प्राथमिकता से लगाए जाए। टीकाकरण को बढ़ावा मिले। बच्चियों के अभिभावकों को भी जागरूक किया जाए और उन्हें बताया जाए की सर्वाइकल कैंसर विरोधी टीका कैंसर की रोकथाम के लिए महत्वपूर्ण है, इसे अभी से लगाने से कोई साइड इफेक्ट नहीं होता है और ना ही आगे जाकर कोई शारीरिक मानसिक दिक्कत का सामना करना पड़ता है। यह टीका पूर्णत सुरक्षित है। और यह टीका मेडिकल स्टोर में उपलब्ध है। टीका की लागत 1500 से 3 हजार रूपए में आती है जिसे उच्च एवं मध्यम वर्ग के अभिभावक आसानी से वहन कर सकते हैं, संभागायुक्त तिवारी ने कहा कि जो व्यक्ति अपनी बच्चियों को टीका लगाने में समर्थ नहीं है, तो ऐसे लोगों को रेड क्रॉस या रोगी कल्याण समिति के माध्यम से तथा स्वयं सेवी संस्थाओं के डोनेशन के माध्यम से टीके लगाए जाएं। तिवारी ने कहा कि टीकाकरण पूर्णतः स्वेच्छा से किया जाना चाहिए। टीका लगाने से कोई नुकसान नहीं होता है, जानकारी के अभाव में हम आगे जाकर एक बहुत बड़ी बीमारी को आमंत्रित करते हैं। उन्होंने सभी कलेक्टर्स को निर्देश दिए कि वह मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को इस दिशा में आवश्यक कार्रवाई करने के लिए निर्देश जारी करें।



संभागायुक्त ने बताया कि नर्मदापुरम संभाग में सविनय सुशासन अभियान चलाया जाएगा यह एक सकारात्मक बदलाव वाला अभियान होगा। इस अभियान के तहत प्रति शनिवार प्रातः 6:00 बजे से शासकीय संस्थाओं, सार्वजनिक स्थानो में व्याप्त कर्मियों को दूर किया जाएगा। यदि कहीं कूड़े का ढेर दिखेगा तो वहां सफाई अभियान चलाकर उस जगह को स्वच्छ किया जाएगा, यदि कोई स्कूल समय पर नहीं खुल रहा है तो वहां जाकर स्कूल खुलवाकर बच्चों को पढ़ाया जाएगा। इस अभियान के तहत जगह-जगह पौधारोपण किया जाएगा। नालियों एवं नालो की सफाई भी की जाएगी। इस अभियान में सभी अधिकारी अपनी सहभागिता निभाएंगे। संभागायुक्त ने बताया कि वे स्वयं इस अभियान के तहत फील्ड में जाएंगे और जिन कार्यों की ओर अधिकारियों को ध्यान नहीं है वैसे जनता के हित के कार्य करेंगे।

संभागायुक्त तिवारी ने प्रातः 9:20 से प्रातः 10 बजे तक कलेक्टर्स से चर्चा कर विभिन्न निर्देश जारी किए। उन्होंने जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा की और निर्देश दिए की अभियान में निरंतर अभी भी काम किया किया जाए, एक पेड़ मां के नाम की समीक्षा करते हुए संभागायुक्त श्री तिवारी ने सभी कलेक्टर्स को निर्देश दिए की अभी भी पौधारोपण का कार्य पूरी प्रगति पर नहीं है अतः इसमें प्रगति लाई जाए। इस अभियान से सभी नागरिकों, संस्थाओं, छात्रों, स्वयं सेवी संस्थाओं एवं आम लोगों की सहभागिता सुनिश्चित कराई जाए। जोर-शोर से और अपार उत्साह से यह अभियान चालू रहे। उन्होंने निर्देश दिए की सभी जिला कार्यालय में शासकीय अधिकारी एवं कर्मचारी समय पर अपनी उपस्थिति दें। और कार्यालय में शासकीय कार्य में पूरी रुचि लेकर कार्य करें। उन्होंने प्रशासनिक व्यवस्था में सुशासन लागू करने के भी निर्देश दिए।

# राज्यसभा सांसद व नपाध्यक्ष ने किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत जनपद पंचायत नर्मदापुरम की ग्राम पंचायतों में पौधारोपण का कार्य ज़ोरों से किया जा रहा है। पौधारोपण के इस अभियान में सोमवार को केएस बानिया- अधीक्षण यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा नर्मदापुरम, एलएम इक्का- अनुविभागीय अधिकारी एवं तरूण डिगरसे- उपयंत्री जनपद पंचायत नर्मदापुरम के द्वारा ग्राम पंचायत खरखेड़ी में नर्मदा किनारे पौधरोपण कर वायुदूत ऐप पर फोटो अपलोड की गई। जनपद पंचायत सीईओ हेमंत सूत्रकार ने बताया कि जनपद पंचायत की प्रत्येक ग्राम पंचायत में पौधारोपण अभियान तेज गति से चलाया जा रहा है, जिसमें पौधारोपण के फोटो अंकुर पोर्टल के वायुदूत ऐप के माध्यम से अपलोड किए जा रहे हैं। सूत्रकार ने बताया कि इसी तारतम्य में आज ग्राम पंचायत खरखेड़ी में ग्रामीण यांत्रिकी सेवा- नर्मदापुरम एवं जनपद पंचायत के अमले के द्वारा खरखेड़ी में पौधारोपण किया गया।



### समेरिटंस की छात्रा ने चिल्ड्रन एशियन गेम्स में जीता कांस्य पदक

# चारु चिचाम ने रूस में लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

रूस के याकूतस्क शहर में आयोजित 8वीं चिल्ड्रंस ऑफ एशिया कुराश खेल में समेरिटन्स स्कूल की छात्रा चारु चिचाम ने भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए कांस्य पदक अर्जित किया। चारु मंगलवार को रूस से वापस आ रही है। ज्ञात रहे कि चिल्ड्रन ऑफ़ एशिया गेम में 40 खेलों की प्रतियोगिताएं हुई। इसमें चारु ने कुराश खेल प्रतियोगिता में पदक अर्जित किया। चारु की कोच वैशाली तिवारी ने बताया कि स्पर्धा में सभी एशियाई देशों के खिलाड़ियों ने भाग लिया था। चारु ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए पदक अर्जित किया। इस प्रतियोगिता में 15 वर्ष के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। चारु इसके पहले कई नेशनल पदक हासिल कर चुकी है। चारु का अगला लक्ष्य ओलंपिक में जाने का है। चारु की इस उपलब्धि पर भारतीय कुराश महासंघ के अध्यक्ष रवि कपूर, मध्य प्रदेश कुराश सचिव राहुल व्यास, समेरिटन्स विद्यालय के संचालक डॉक्टर आशुतोष कुमार शर्मा, प्राचार्य प्रेरणा रावत, सचिन खंपारिया ने हर्ष व्यक्त करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



### एनसीसी करेगी सम्मान

ज्ञात रहे कि चारु 5वी एमपी बटालियन की केडेट् भी है। उसकी उपलब्धि पर बटालियन द्वारा भी उसका सम्मान किया जाएगा। यह जानकारी प्रभारी अधिकारी प्रदीप यादव ने दी। उन्होंने बताया कि उसकी उपलब्धि पर बटालियन के अधिकारियों में हर्ष का वातावरण है।

# पौधरोपण कर कलेक्टर ने दिया जागरूकता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर सोनिया मीना ने सोमवार को पचमढ़ी में एक पौधा अपनी मां के नाम अभियान के अंतर्गत पचमढ़ी में साडा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पौधारोपण किया। कलेक्टर ने बॉम्बे ग्रीन किस्म के आम के पौधे का रोपण किया। कलेक्टर के अलावा जिला पंचायत के सी ई ओ एस एस रावत, क्षेत्रीय संचालक एस टी आर एल. कृष्णमूर्ति, उप संचालक एस टी आर पूजा नागले, एस डी एम पिपरिया संतोष तिवारी ने भी अभियान के तहत पौधारोपण किया। इस अवसर पर कलेक्टर सुश्री मीना द्वारा वहां उपस्थित समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को वृक्षारोपण करने के लिए प्रेरित किया गया।



## खबर संक्षेप

### हवाई पट्टी पर मिला बुजुर्ग का शव



**आमला।** नगर के हवाई पट्टी पर सोमवार सुबह बुजुर्ग का शव मिला है। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी थी। पुलिस ने शव का पंचनामा बनाकर मर्ग कायम कर लिया है और पुलिस जांच कर रही है। पुलिस ने बताया कि हवाई पट्टी पर लाश पड़ी होने की सूचना मिली थी। जांच में बुजुर्ग की पहचान नानू उइके निवासी मोराडोंगरी हुई है।

### बच्चों को साइबर अपराध के प्रति किया जागरूक



**बैतूल।** सोमवार को चौकी प्रभारी घोड़ाडोंगरी उप निरीक्षक आम्रपाली द्वारा घोड़ाडोंगरी सी एम राइस स्कूल में कक्षा 11वीं एवं कक्षा 12वीं के छात्र एवं छात्राओं के साथ साइबर क्राइम ,साइबर बुलीइंग,साइबर फ्रॉड के संबंध में चर्चा की गई ,साइबर क्राइम से बचने के संबंध में दिशा निर्देश दिए गए .सोशल मीडिया का सावधानी से उपयोग करने के संबंध में चर्चा की गई .तथा छात्र एवं छात्राओं को महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों के संबंध एवं कानूनी प्रावधानों के संबंध में बताया गया साथ ही भारतीय न्याय संहिता एवं भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के संबंध में भी चर्चा की गई .जागरूकता कार्यक्रम मे लगभग 175 छात्र एवं छात्राएं स्कूल के प्रिंसिपल श्री विवेक तिवारी तथा स्कूल के अन्य शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित थे.

### आदतन अपराधियों की जमानत का निरस्तीकरण

**बैतूल।** फरवरी में मारपीट की एक घटना में आरोपी रिंकेश चौहान व तब्बू मासोदकर को कुछ दिन पहले ही न्यायलय द्वारा जमानत मिल गई थी। जिन्होने जमानत से छुटकर पुनः अपराध घटित किया। उक्त दोनों आरोपियों के विरुद्ध थाना गंज में अपराध पंजीबद्ध होने पर थाना कोतवाली ने कोतवाली के पूर्व मे पंजीबद्ध मामले में मिली जमानत निरस्त करने का मामला न्यायालय में पेश किया है। आरोपी रिंकेश चौहान थाना गंज के मामले में जेल में है। वही तब्बू उर्फ त्रिदेव पिता रामप्रसाद मासोदकर की जमानत निरस्त होने पर पुनः न्यायालय में पेश किया जाएगा।

### शासकीय आईटीआई में कैम्पस ड्राइव 10 को

**बैतूल।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में 10 जुलाई बुधवार, सुबह 11 बजे कैम्पस ड्राइव आयोजित की जाएगी। ड्राइव में अधिकतम आयु 30 वर्ष तक के आईटीआई और डिप्लोमा उत्तीर्ण अभ्यर्थी हिस्सा ले सकते हैं। इस ड्राइव में फॉक्सकॉन, विस्टोर्न, टाटा मोटर्स, केबीआई, बजाज आटो विभिन्न पदों पर साक्षात्कार के लिए आ रही हैं। इच्छुक अभ्यर्थी अपने आवश्यक दस्तावेज लेकर उपस्थित हो सकते हैं।

### टमाटर के दाम 120, हरी मिर्च 140 रुपए किलो



**सीहोर।** जुलाई का महीना चल रहा है और कहीं तेज बारिश तो कहीं रिमझिम बारिश हो रही है। कई स्थानों पर बारिश से लोगों का हाल बेहाल है, तो वहीं दूसरी ओर अब घर की रसोई में बनने वाली हरि सब्जी भी लोगों की हालत बिगाड़ने वाली है। सब्जियों की फसल में जिस तरह से महंगाई की मार देखने को मिल रही है उससे लोगों को अब अपने मासिक बजट में ज्यादा पैसे खर्च करने पड़ सकते हैं, क्योंकि सब्जियों के दाम भी अब हर दिन आसमान छू रहे हैं। अगर आप हरी भरी सब्जियां खाने के शौकीन हैं तो अब आपको इसके लिए ज्यादा पैसे खर्च करने पड़ेंगे। बारिश का समय चल रहा है. सब्जियां इस समय लोकल स्तर पर भी सप्लाई होने लगती हैं।

डब्ल्यूसीएल पाथाखेड़ा क्षेत्र में चोर, बदमाशों का आतंक

# कोल कर्मी की गर्दन पर तलवार रख घुस गए डकैत, ले गए कॉपर केबल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल




सारनी वेस्टर्न कोल फील्ड्स लिमिटेड (डब्ल्यूसीएल) पाथाखेड़ा क्षेत्र में चोर, बदमाशों का आतंक बढ़ता ही जा रहा है। इससे कोयला कर्मियों में दहशत का माहौल है। खास बात यह है कि इसकी जानकारी पुलिस विभाग और डब्ल्यूसीएल प्रबंधन को होने के बावजूद कोयला कर्मियों को भयमुक्त करने कोई खास पहल नहीं की जा रही। इससे ट्रेड यूनियन लीडरों और कोल कर्मियों में प्रबंधन और पुलिस प्रशासन के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है। बीती रात पाथाखेड़ा की तवा वन कोयला खदान पर 15 से 20 की संख्या में हथियारबंद नकाबपोश बदमाशों ने हमला बोल दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पहले चोरों ने खदान परिसर में धावा बोला। फिर अरविंदो कंपनी के स्टोर और वर्कशॉप पर धावा बोलने की कोशिश की। लेकिन वहां सुरक्षा कर्मियों की मौजूदगी होने पर बदमाशों ने डब्ल्यूसीएल के एक सुरक्षा कर्मी की गर्दन पर तलवार अड़ा दी और गेट खोलने को कहा। नहीं खोलने पर मारने की धमकी दी। बताया जा रहा है की वारदात के दौरान बदमाशों ने कट्टे से फायरिंग की। इतना ही नहीं निजी सुरक्षा कर्मी की बंदूक तक छीन लेने की खबर है। जिसे वारदात को अंजाम देने के बाद

**इनका कहना है**

खदान में वारदात की सूचना मिली है। मौके का निरीक्षण किया है। एक बिना नंबर की मोटरसाइकिल बरामद हुई है। इसी के आधार पर चोरों तक पहुंचा जा सकता है।

**अरविंद कुमरे,** टीआई, सारणी

**पॉवर केबल ले गए चोर**

*प्राप्त जानकारी के अनुसार तवा वन खदान से चोरों ने एलएचडी केबल, समर्शीबल और पॉवर केबल पर हाथ साफ किया। जिसकी कीमत लाखों में है। खासबात यह है की पहली बार अरविंदो के स्टोर से यह सामान चोरी हुआ है। इससे पहले डब्ल्यू सी एल के विभिन्न स्थानों से चोरी होता रहा है। बताया जा रहा है कि चोरी के डर से डब्ल्यू सी एल द्वारा अरविंदो के स्टोर में सामान रख दिया जाता था। इसकी खबर बदमाशों को लगने पर कट्टे और तलवार की नोक पर चोरों ने वारदात को अंजाम दिया है। बताया जा रहा है जवाब में डब्ल्यू सी एल सुरक्षा विभाग द्वारा भी फायरिंग की है।*

# अवैध उत्खनन: बंसल पाथवेज कंस्ट्रक्शन कंपनी पर 1.65 करोड़ 60 हजार अर्थदंड

## कलेक्टर की कोर्ट ने अर्थदंड से दंडित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

अवैध उत्खनन के दो अलग-अलग प्रकरणों में न्यायालय अपर कलेक्टर बैतूल द्वारा बंसल पाथवेज कंस्ट्रक्शन कंपनी पर 1 करोड़ 65 लाख 60 हजार रूपये का अर्थदंड के आदेश दिए गए है। इनमें ग्राम परसोड़ा शासकीय भूमि से मुरम का अवैध उत्खनन एवं ग्राम बोदी जुनावानी स्थित निजी भूमि से मुरम का अवैध उत्खनन के दोषी पाए जाने पर अपर कलेक्टर राजीव नंदन श्रीवास्तव की कोर्ट से अर्थदंड से दंडित किया गया है। न्यायालय अपर कलेक्टर बैतूल से दोनों ही प्रकरणों में 1 जुलाई अपर कलेक्टर के हस्ताक्षर में आदेश जारी किए गए है।

### परसोड़ा की शासकीय भूमि से मुरम अवैध उत्खनन

उल्लेखनीय है कि खनिज निरीक्षक बैतूल द्वारा राजस्व अमले के साथ 31 मई 2023 को मौजा परसोड़ा स्थित शासकीय भूमि खसरा नंबर 50 रकबा 5.238 हेक्टेयर मद नाला एवं खसरा नंबर 68 रकबा 1.0805 हेक्टेयर मद नदी का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बंसल पाथवेज कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी द्वारा उक्त खसरा नंबरों की भूमि पर मुरूम खनिज का अवैध उत्खनन करना पाया गया। मौके पर डंपर क्रमांक एमपी 04 एचई 4171 को भी खनिज निरीक्षक द्वारा जप्त किया गया था। मौके पर उत्खनित गड्ढों की माप किए जाने पर अनावेदकगणों द्वारा कुल 660 घनमीटर मुरम का अवैध उत्खनन होना पाया गया। प्रकरण की सुनवाई न्यायालय अपर कलेक्टर बैतूल में हुई जिसमें न्यायालय ने मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भंडारण का निवारण) नियम 2022 के नियम 18(6) के अनुसार 19 लाख 80 हजार रुपये की शास्ति अधिरोपित की गई।

### बोदी जुनावानी में निजी भूमि से किया गया अवैध उत्खनन

इसी प्रकार एक अन्य आदेश में दूसरे प्रकरण में 3 सितंबर 2023 को मौजा बोदी जुनावानी स्थित निजी भूमि खसरा नंबर 462 में मुरम खनिज के अवैध उत्खनन के मामले में सुनवाई उपरांत न्यायालय अपर कलेक्टर बैतूल द्वारा 1 करोड़ 45 लाख 80 हजार रुपये शास्ति अधिरोपित करते हुए अधिरोपित राशियों को खनिज मद में जमा करने के लिए आदेशित किया गया है। प्रकरण में जप्त शुदा एक चैन माउन्टेड पोकलेन मशीन एवं दो डंपरों की सुपुर्दगी को निरस्त करते हुए अधिग्रहण किया गया है।

ताप्ती मैया पर की टिप्पणी का मामला

# पं. मिश्रा से प्रतिनिधि मंडल के मिलने के बाद ताप्ती विवाद का हुआ पटाक्षेप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



प्रख्यात कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के द्वारा ताप्ती मैया को लेकर की गई टिप्पणी को लेकर विवाद विगत कई दिनों से पैदा हो गया था जिसका आज सोमवार को पटाक्षेप हो गया है। सोमवार को पंडित प्रदीप मिश्रा से प्रतिनिधि मंडल ने मुलाकात की और दोनों के बीच में विस्तार से चर्चा के बाद विवाद खत्म हो गया। कुछ दिनों से चल रहे माँ ताप्ती पर की गई टिप्पणी को लेकर विवाद की स्थिति बनी हुई थी। इसको लेकर ताप्ती भक्तों ने नाराजगी व्यक्त की थी और मुलताई पुलिस थाने में ज्ञापन भी सोपा था।

यह विवाद जब डॉ. हेमंत देशमुख के संज्ञान में आया, तब उन्हने पंडित मिश्रा से संपर्क साधकर पूरे विषय के बारे विस्तार में बताया। जिसके उपरांत पंडित प्रदीप मिश्रा के आश्रम कुबरेश्वर धाम द्वारा वहां आकर चर्चा करने का आमंत्रण मिला था। सोमवार को मुलताई से प्रतिनिधि मंडल कुबरेश्वर धाम सीहोर पहुंचा, जिसमें पंडित विशु देशमुख, पंडित सौरभ जोशी, पंडित प्रवीण जोशी और डॉ हेमंत विजयराव देशमुख शामिल थे। माँ ताप्ती के विषय पर पंडित प्रदीप मिश्रा से सौजन्य भेंट हुई एवं दोनों पक्षों ने इस विषय पर विस्तार से चर्चा कर विवाद का पटाक्षेप किया। ताप्ती मंदिर के पुजारी सौरभ जोशी ने बताया कि पंडित प्रदीप मिश्रा से चर्चा दौरान दोनों पक्ष संतुष्ट हो गए और विवाद खत्म हो गया। पंडित मिश्रा को 13 जुलाई को आयोजित हो रहे ताप्ती महोत्सव में आमंत्रित किया है।

जबलपुर उच्च न्यायालय का फैसला

# शाहपुर में सीएम राइज स्कूल निर्माण पर 18 जुलाई तक के लिए बढ़ाई रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल/ शाहपुर



उच्च न्यायालय जबलपुर में चौधरी परिवार द्वारा दायर याचिका में शाहपुर नगर के हाईस्कूल मैदान की दान की हुई भूमि पर सीएम राइज स्कूल भवन निर्माण पर स्थगन आदेश और बढ़ा दिया है।

उक्त मैदान की भूमि दानदाता चौधरी परिवार के सदस्य दीपक चौधरी, कुलदीप चौधरी ने जबलपुर में अधिवक्ता डीके दीक्षित, अंशुल दीक्षित द्वारा माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर में अपनी याचिका दायर की थी, जिस पर न्यायालय ने पहले 24 जून 2024 तक स्थगन आदेश दिया था। स्थगन आदेश की अवधि में शासन द्वारा न्यायालय में ठोस सबूत ही पेश नहीं कर पाया गया, जिसके चलते जबलपुर हाईकोर्ट द्वारा स्कूल निर्माण कार्य की यथास्थिति को बनाए रखने का 5 जुलाई को पुनः आदेश जारी कर दिया गया। जिसके अनुसार अब स्टे 18 जुलाई तक प्रभावी रहेगा। माननीय न्यायालय ने अपने आदेश में उल्लेख किया है कि प्रतिवादी की ओर से उपस्थित विद्वान वकील का कहना है कि कोई अतिरिक्त उत्तर दाखिल करने की आवश्यकता नहीं है। वह तर्क को संबोधित करने के लिए मामले के रिकॉर्ड पर निर्भर रहेगा। न्यायमूर्ति संजीव सचदेवा, न्यायमूर्ति विनय नर्व की संयुक्त पीठ ने दान की हुई खेल मैदान की भूमि पर सीएम राइज स्कूल निर्माण मामले में स्थांगन के निर्देश दिए है।

# भगवान गणेश को लेकर कलेक्टर से मिले मूर्तिकार, लगाई गुहार

## अभिनन्दन सरोवर के पास से न हटाएं



**बैतूल।** कलेक्ट्रेट में उस वक्त कौतुहल मच गया जब कुछ लोग भगवान श्री गणेश की मूर्ति लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे थे जंहा उन्होंने एडिशनल कलेक्टर को ज्ञापन के साथ भगवान श्री गणेश की मूर्ति भी सौंपी है। दरअसल अभिन्नदन सरोवर के पास खाली जमीन पर बरसो से मूर्तियां बना कर अपना जीवन यापन करने वालो को नगरपालिका बैतूल बेदखली का फरमान सुनाया है जिसके बाद से प्रजापति समाज अपने काम को लेकर चिंतित है।

समाज द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में लिखा है कि समस्त मूर्तिकार मिट्टी की प्रतिमा कई वर्षो से अभिन्नदन सरोवर के पास हम सभी प्रजापति समाज के गण 20 वर्षों से मूर्तियों को गढ़ने का कार्य करते आ रहे है यह जगह हमारी कर्मस्थली है जहां हम व्यवसाय भी करते है और नगर पालिका द्वारा प्रतिमाह रशीद भुगतान किया जाता है। नगर पालिका द्वारा हमें यह जगह दी गई थी ,जहां वर्ष में 4 माह मूर्तिकारी के कार्य के लिए अस्थाई रूप से बैठते है अब हमें नगर पालिका द्वारा यहां से हटाया जा रहा है और हमें तम्बू और पाल लेकर हटाने को कहा जा रहा है। हमारे कार्यस्थल पर नगर पालिका परिषद जेसीबी लेकर हमारे कार्यस्थल पर आ गई थी। यह कार्यस्थली हमारी अजीविका का साधन है। हम समस्त प्रजापति समाज यहीं मूतियों का निर्माण करना चाहते है। हम सभी मांग करते है कि हमे यंही मूर्तियों का निर्माण करने दिया जाये।

बैतूल से बैतूल बाजार जा रही थी कार

# तेज रफ्तार कार बिजली के खंभे में जा घुसी, बिजली सप्लाई ठप



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

बैतूल बाजार के पास तेज रफ्तार अनियंत्रित कार बिजली के पोल में जा घुसी जिससे पूरे इलाके की बिजली सप्लाई ठप हो गई है। गनीमत यह रही की इतनी जोरदार टक्कर के बावजूद बिजली के तार नही टूटे वर्ना बड़ा हादसा हो सकता था घटना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची साथ बिजली विभाग के कर्मचारी भी पहुंचे। घटना बैतूल बाजार के बस स्टेंड की है शाम सात बजे की है बैतूल की ओर से एक सफेद रंग की कार आई और बैतूल बाजार नगर में प्रवेश करते ही बस स्टेंड के पास लगे बिजली के ट्रांसफार्मर के पोल में जा घुसी स प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया की कार चालक तेज रफ्तार से कार लेकर आया और उससे कार मुड़ नही पाई और कार सीधे बिजली के पोल में जा घुसी। टक्कर इतनी तेज थी की कार सामने से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है इस घटना के बाद बिजली के पोल पर लगे बिजली सप्लाई यंत्र भी टूट गए और ट्रांसफार्मर में भी झटका लगने से इलाके की बिजली सप्लाई बंद हो गई थी। मौके पर पहुंचे बिजली विभाग के कर्मचारियों ने सुधार कार्य कर बिजली सप्लाई को चालू किया।

### पुलिस अभिरक्षा से भागा आरोपी गिरफ्तार




आरोपी अहाके 40 निवासी ग्राम देशावाडी को 6 जुलाई को थाना चोपना के अपराध गोवंश वध अधिनियम में गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार आरोपी ग्राम सिवनपाट नदी के पास पेशाब करने के लिए गाड़ी रूकवाई झटका देकर झाड़ियों में भागा। जिसे पुलिस ने नदी किनारे झाडियो एवं जंगल में काफी तलाश किया किन्तु आरोपी मन्नू अहाके नही मिला। फरार आरोपी मन्नू अहाके की तलाश गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा अलग-अलग टीम गठित की गई। पुलिस टीम द्वारा मुखबिर तंत्र का इस्तेमाल करते हुए 7 जुलाई को पुलिस ने को देशावाड़ी से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

### सर्प मित्र ने कोबरा सांप को किया रेस्क्यू



बैतूल। शहर के समीपस्थ जामठी में एक रोमांचक घटना घटी, जब वन स्नेक कैचर विशाल विश्वकर्मा ने एक विशालकाय कोबरा सांप का सफलतापूर्वक रेस्क्यू किया। स्थानीय लोगों ने कोबरा सांप की सूचना सर्प मित्र को दी। सूचना मिलते ही सर्प मित्र विशाल विश्वकर्मा टीम तुरंत मौके पर पहुंची। टीम ने देखा कि विशालकाय कोबरा सांप घर झाड़ियों अंदर फंसा हुआ है और डरा सेहमा हुआ। सर्प मित्र विशाल ने तुरंत कुशलतापूर्वक सांप को पकड़ा और उसे सुरक्षित स्थान पर ले गए। रेस्क्यू अभियान में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। सौभाग्यवश, सांप को किसी प्रकार की चोट नहीं आई थी। और उसने किसी को नुकसान भी नहीं पहुँचाया बाद में सांप को उसकी प्राकृतिक आवासस्थली में छोड़ दिया गया। स्थानीय लोग स्नेक रेस्क्यू टीम की त्वरित कार्रवाई से बहुत खुश थे। उन्होंने टीम का धन्यवाद करते हुए कहा कि उनकी वजह से सांप की जान बच गई। सर्प मित्र विशाल विश्वकर्मा ने रेस्क्यू के बाद लोगों से अपील की कि यदि वे कभी भी किसी सांप को देखते हैं, तो उसे परेशान न करें और तुरंत वन विभाग या स्नेक रेस्क्यू टीम को सूचित करें।

# खेत पर काम करती महिलाओं से मारपीट 4 घायल दबंगों पर कब्जा करने का आरोप



**सीहोर।** अमाझीर गांव में रविवार दोपहर दबंगों ने महिलाओं से मारपीट कर दी। चार महिलाएं घायल हुई हैं, इलाज के लिए उन्हें जिला अस्पताल लाया गया है। जानकारी के अनुसार सीहोर जिले के ग्राम अमाझीर में रविवार दोपहर खेत पर काम कर रही महिलाओं के साथ दबंगों ने मारपीट की है। बताया गया है कि यह महिलाएं अपने खेत पर काम कर रही थी, इसी दौरान दो दर्जन से अधिक लोग हथियार लेकर खेत पर पहुंचे और महिलाओं के साथ मारपीट शुरू कर दी। महिलाओं के मुताबिक इन लोगों का कहना था कि इस जमीन पर वह कब्जा करना चाहते हैं और महिलाओं ने जब इसका विरोध किया तो उनके साथ मारपीट की गई। गांव के सोनू वर्मा ने बताया कि रेशम बाई, सोरम बाई, बिमला बाई और सीमा बाई के साथ मारपीट की गई है, जिसमें से दो महिलाओं रेशम बाई और बिमला बाई को ज्यादा चोट आई है। घायल महिलाओं ने बताया कि कुछ लोग अन्य स्थानों से गुंडे साथ लेकर आए और हमारे साथ बिना वजह मारपीट करने लगे।

**कहा- दबंग हमारी जमीन पर कब्जा करना चाहते हैं :** महिलाएं अपनी खुद की जमीन पर काम कर रही थी, लेकिन दबंग चाहते थे कि वह वहां पर कार्य न करें और गुंडों को खेत पर कब्जा करने दें। ग्राम की महिलाओं ने बताया कि जब गांव के दबंग लोग गुंडों को लेकर खेत की जमीन पर कब्जा करने आए थे। तब पुलिस भी मौके पर मौजूद थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की। वहीं, इस संबंध में मंडी थाने के प्रभारी टीआई राकेश पंथी का कहना है कि अमाझीर में हुई इस घटना के बारे में उन्हें अभी तक कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई है।

### नपा ने यात्रा वाले मार्ग को बनाया जीरो वेस्ट



**सीहोर।** इस साल भी शहर के छावनी स्थित प्राचीन जगदीश मंदिर से निकाली जाने वाले भव्य रथ यात्रा का नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर के द्वारा स्वागत किया गया। इस मौके पर नपाध्यक्ष राठौर मंदिर में भव्य आरती में शामिल भी रहे थे, वहीं नगर पालिका का मंच बनाकर प्रांतीय अध्यक्ष सूरज प्रसाद परमार, मंडलोई चंदर सिंह परमार, पूर्व अध्यक्ष तुलसीराम पटेल, चल समारोह के अध्यक्ष हरीश परमार, निर्माण समिति के अध्यक्ष अनार सिंह का स्वागत किया। रविवार को शहर में निकाली गई रथ यात्रा ऐतिहासिक रही। नगर पालिका टीम मुस्तैद रही। यात्रा वाले मार्ग पर सुबह सफाई व छिड़काव कराया गया था। इसके अलावा सफाई कर्मचारियों व क्विक एक्शन टीम लगाई गई थी। रथ यात्रा को नपा टीम ने जीरो वेस्ट बनाया। यात्रा के पीछे चलने वाले अमले ने स्वागत सत्कार में फूल माला, प्लास्टिक के पाऊज आदि सड़क से साफ किए। मंच पर स्वागत करने वालों में भाजपा नेता सन्नी महाजन, प्रदीप बिजोरिया, संतोष शाक्य, नरेन्द्र राजपूत, अजय पाल, प्रदीप गौतम, शैलेन्द्र परमार, आशुतोष त्यागी, आशीष पचौरी सहित बड़ी संख्या में पार्षद और क्षेत्रवासी शामिल थे।

आसमान में काले बादल छाए, कुछ देर बाद तेजी से बरस गए

# झमाझम बारिश, फसलों के लिए अमृत समान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



लंबे इंतजार के बाद सोमवार को तेज बारिश हुई। इससे किसानों के साथ-साथ लोगों के चेहरे खिल गये। पिछले कई दिनों से किसान इसी तरह की बारिश का इंतजार कर रहे थे। 23 जून को बैतूल जिले में मानसून के दस्तक देने के बाद भी तेज बारिश नहीं हो पाई थी। किसान तेज बारिश की आस लगाए हुए थे, किसानों का यह इंतजार सोमवार को कुछ हद तक कम हुआ। सोमवार को अचानक मौसम में बदलाव आया और करीब एक घंटे तक झमाझम बारिश हुई।

बारिश से पूरा शहर भी तरबतर हो गया। हालांकि सुबह से मौसम को देखकर ऐसा नहीं लग रहा था कि आज इतनी तेज बारिश होगी, लेकिन 2 बजे के बाद आसमान में काले बादल छा गये और कुछ देर बाद तेज बारिश होना शुरू हो गया। लगभग एक घंटे तक तेज बारिश होने से सड़कों से पानी बहने लग गया। कई जगह सड़कों पर जलभराव की स्थिति निर्मित हो गई। बारिश होने से मौसम में भी ठंडक घुल गई. हालांकि कुछ दिनों से जिले में केवल रिमझिम और धीमी बारिश ही हो रही थी। इससे जलाशयों में भी पानी नहीं पहुंच पा रहा था। सोमवार को तेज बारिश के बाद नदी और जलाशयों में भी पानी पहुंचेगा।

### फसलों को मिलेगा फायदा

तेज बारिश से फसलों को भी फायदा होगा। किसान इसी तरह झमाझम बारिश का इंतजार कर रहे थे। किसानों के मुताबिक यह बारिश फसलों के लिए अमृत समान है। अच्छी बारिश होने के बाद फसलों की भी तेजी से ग्रोथ होने लगेगी। कम पानी के कारण फसल की अच्छी ग्रोथ नहीं हो पाई थी। किसान चिंतित थे, लेकिन सोमवार को बरसे बादलों के कारण किसानों के चेहरे खिल गए है। किसानों का कहना है कि इसी तरह बारिश की फसलों को अभी जरूरत है। पर्याप्त पानी मिलने से फसलों को फायदा पहुंचेगा और उत्पादन भी बेहतर होगा।

### मौसम विभाग ने जारी किया रेड अलर्ट, इन जिलों में होगी अति भारी वर्षा

जिले में फिर बारिश का अलर्ट रू मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे के दौरान बैतूल समेत कई जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश होने का अलर्ट भी जारी किया है। मौसम विभाग का कहना है कि अगले 24 घंटे के दौरान बैतूल, हरदा, छिंदवाड़ा, सिवनी, नर्मदापुरम सहित कई जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने यह मंगलवार सुबह 8 बजे तक का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार अभी वर्तमान में 7 तरह के सिस्टम बन रहे है। जिससे आगामी समय बारिश होने की संभावनाएं है।

### पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष अधिक बारिश

बैतूल में 182.4 मिमी बारिश रू जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में बारिश होने के कारण अब औसत बारिश का आंकड़ा तेजी से आगे बढ़ रहा है। रविवार शाम से सोमवार सुबह 8 बजे तक बैतूल में 0.1, मुलताई 5.7, आमला 11.0, आठनेर 28.3, भीमपुर 20.0 मिमी बारिश दर्ज की है। इस तरह से जिले में अब तक कुल 182.4 मिमी बारिश हो चुकी है। पिछले वर्ष के बारिश के आंकड़े पर नजर डाला जाए तो 152.6 मिमी बारिश हुई थी। पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष अधिक बारिश हुई है। सोमवार दोपहर को हुई बारिश के बाद बारिश के आंकड़े में और बढ़ोतरी हुई है।

## नागद्वारी मार्ग का निरीक्षण कर आवश्यक मरम्मत कार्य सुनिश्चित करें : कलेक्टर

# शिव की नगरी पचमढ़ी में आस्था का नागद्वारी मेला 1 से 10 अगस्त तक

**भगवान शिव की प्राकृतिक नगरी पचमढ़ी में शिव भक्तों की आस्था का प्रतीक नागद्वारी मेले का आयोजन 1 से 10 अगस्त तक किया जाएगा। सोमवार को कलेक्टर ने व्यवस्थाओं का जायजा लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी जिले के सुप्रसिद्ध हिल स्टेशन पचमढ़ी में नागद्वारी मेले का आयोजन किया जाएगा। इस वर्ष मेला 1 अगस्त से 10 अगस्त तक आयोजित किया जाएगा।

मेले के बेहतर आयोजन के संबंध में सोमवार को कलेक्टर सोनिया मीना ने संजय गांधी संस्थान पचमढ़ी में अधिकारियों की बैठक ली। क्षेत्र संचालक सतपुडा टाइगर रिजर्व श्री एल कृष्णमूर्ति, जिला पंचायत सीईओ श्री एस एस रावत, अतरिक्त पुलिस अधीक्षक बैठक में उपस्थित रहें। बैठक में मेला अवधि के दौरान ट्रैफिक व्यवस्था, पार्किंग, सड़क, बिजली, पेयजल, चिकित्सा आदि व्यवस्थाओं के संबंध में विस्तार से चर्चा की।




### नागद्वारी मेले के लिए स्थापित करे कंट्रोल रूम

कलेक्टर ने एस डी एम पिपरिया को निर्देशित किया है कि नागद्वारी मेले के लिए कंट्रोल रूम स्थापित किया जाए साथ ही विभिन्न स्थानों पर वाहन किराया दर सूची एवं कंट्रोल रूम के दूरभाष नंबर के फ्लेक्स लगवाएं। जिससे आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना ना करना पड़े।

### मार्ग का मरम्मत कार्य सुनिश्चित करें

कलेक्टर मीना ने लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया है कि आगामी दिवसों में संपूर्ण ट्रेक पर आवश्यक व्यवस्थाओं जैसे मेला मार्ग पर लोहे के पुल, सीढ़ियां, सड़क का रेस्टोरेशन, रैलिंग आदि की मरम्मत का कार्य सुनिश्चित करे। उन्होंने मुख्य स्थानों पर सांकेतक के लिए रेडियम बोर्ड भी पर्याप्त मात्रा में लगाने के तथा पहले से लगे हुए बोड्र्स की मरम्मत भी करने के निर्देश बैठक में उपस्थित संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होने मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम को निर्देशित किया कि पचमढ़ी आने जाने वाले मार्ग और मेला पहुंच मार्ग पर अमला तैनात रहे। मार्ग क्षतिग्रस्त या लैंडस्लाइड होने की स्थिति में तत्काल मरम्मत की जाएं।

पचमढ़ी में निर्धारित प्रमुख स्थानों पर क्रेन की व्यवस्था भी रखें। पचमढ़ी पहुंच मार्ग पर किसी भी प्रकार का अवरोध न हो और अगर परिस्थितिवश ऐसी स्थिति बनती है तो उसके लिए तैयार रहने के लिए निर्देशित किया है। साथ ही कहा कि वन विभाग से समन्वय कर वन्य प्राणियों के क्रॉसिंग पॉइंट्स और मुख्य मोड़ के पहले स्पीड ब्रेकर भी निर्मित किए जाएं। इन मोड़ पर मिरर भी लगाए जाए एवं पूर्व से स्थित मिरर का नियमित निरीक्षण कर उनकी मरम्मत भी किया जाना सुनिश्चित की जाए।

### लोकस्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था करे

कलेक्टर ने शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को दिए। उन्होंने कहा कि शहर में भी विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओ के लिए पेयजल की व्यवस्था पुख्ता रखें साथ ही नागद्वारी पहुंच मार्ग पर भी चिन्हित स्थानों पर पेयजल आपूर्ति निर्बाध रखें। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि पेयजल की स्वच्छता एवं क्लोरिनेशन पर विशेष ध्यान दिया जाए।

कलेक्टर ने सीएमएचओ नर्मदापुरम को निर्देश दिए कि नागद्वारी मेले के दौरान मेले में आने वाले समस्त श्रद्धालुओं की चिकित्सा सहायता के लिए विभिन्न स्थान पर चिकित्सा कैंप बनाए जाएं। चिकित्सा सहायता के लिए समस्त कैंपों पर मेडिकल टीम की तैनाती की जाए तथा रोटेशन के आधार पर उनकी ड्यूटी भी लगाई जाए। कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना द्वारा स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया गया है कि मेला क्षेत्र में दुर्घटना संभावित स्थानों को चिन्हित कर उन स्थानों पर चिकित्सा सहायता की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही मेला क्षेत्र में एंबुलेंस की व्यवस्था भी की जाए ताकि आवश्यकता पड़ने पर मरीज को पचमढ़ी में स्थित बेस हॉस्पिटल या अन्य दूसरे अस्पतालों तक चिकित्सा हेतु पहुंचाया जा सके।

# एप से उपस्थिति दर्ज के आदेश का विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर




माखन नगर जनपद पंचायत क्षेत्र के ग्राम पंचायत के सचिव रोजगार सहायकों ने जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के सार्थक ऐप से उपस्थित दर्ज के आदेश को निरस्त करने संबंधी जिला सीईओ के नाम ज्ञापन जनपद पंचायत के कार्यपालन मुख्य अधिकारी सतीश अग्रवाल को सोपा है।

ज्ञापन में उल्लेख किया है हमें 10 से 15 दिन जिला पंचायत जनपद पंचायत तहसील कार्यालय एवं अन्य बैठकों में जाना पड़ता है जिसका आने-जाने का कोई समय निर्धारित नहीं है ऐसी स्थिति में सार्थक ऐप पर उपस्थित दर्ज करना उचित प्रतीत नहीं होती है कई सचिवों के पास अतिरिक्त पंचायत का भी प्रभार है ऐसे में एक ही समय पर दो जगह उपस्थित कैसे संभव है वहीं अगर हम मुख्यालय से कहीं अन्य जगह मीटिंग में जाते हैं और समय से लौट नहीं पाए तो एप के रिकॉर्ड में हमारी अनुपस्थित लगेगी ज्ञापन में लिखा है शासन के संदर्भित पत्रों में सार्थक ऐप पर उपस्थिति दर्ज किए जाने की कोई आदेश नहीं है सार्थक ऐप से उपस्थित के आदेश 10 जुलाई से लागू होना है

वहीं पहले ही शासन ने समस्त कर्मचारियों को 10: बजे से 6: तक अपने कार्यालय पर उपस्थित रहने के आदेश जारी किए हैं वही सचिव संगठन के पदाधिकारी का कहना है छुट्टियों के दिन समय-समय पर आदेश दिए जाते हैं उनका पालन भी किया जाता है अतः सार्थक एप से उपस्थित के आदेश निरस्त किए जाएं अन्यथा सचिव रोजगार सहायक आंदोलन के लिए बाधित होंगे ज्ञापन देने वालों में संजय मीना देवी सिंह मीणा संतोष साहू हरिशंकर पटेल प्रेम नारायण यादव राजेंद्र यादव अर्जुन यादव एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

ब्लॉक सरपंच संघ के कृष्ण कुमार झाा का कहना है कि सार्थक एप्प के माध्यम से उपस्थिति दर्ज नही करने के सम्बंध में सचिव संगठन के पदाधिकारियों से मेरी बात हुई थी । उनका कहना है कि सार्थक एप्प के माध्यम से केवल सचिवो की ही उपस्थिति क्यों दर्ज कराई जा रही है । अन्य सभी विभागों के शासकीय अधिकारी कर्मचारीयो की उपस्थिति भी सार्थक एप्प के माध्यम से दर्ज कराई जाये यदि ऐसा होता है तो उन्हें कोई आपत्ति नहीं होगी ।

शासन का क्या आदेश निकला है वो अभी मैंने देखा नही हैं , सचिवों द्वारा जो समस्याये बातई जा रही है उस हिसाब है उनकी मांग जायज है । साथर्क एप्प के माध्यम से उपस्थिति दर्ज कराने से सभी शासकीय विभाग के पंचायत स्तर के अधिकारी कर्मचारी पंचायत में नियमित रूप से उपस्थित रहेंगे जिससे पंचायतों के काम-काज में सुविधा होगी एवं ग्रामीणजनों की समस्याओं का समय से निराकरण हो सकेगा । सार्थक एप्प में कुछ संसोधनो के साथ सभी शासकीय विभागों में इसे लागू किया जाना चाहिये ।

### गेम जोन में धूम्रपान करते मिले नाबालिग दुकान संचालक के पास नहीं थी अनुमति



इटारसी। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आईएएस टी प्रतीक राव ने सोमवार को एलकेजी मॉल सोनासांवरी में आकस्मिक निरीक्षण किया तो वहां गेम जोन नामक एक दुकान में कुछ नाबालिग बच्चे धूम्रपान करते हुए मिले और दुकानदार के पास कोई विधिवत अनुमति भी नहीं मिली। निरीक्षण कि दौरान मॉल के सामने बेतरतीब पार्किंग देख एसडीएम ने पार्किंग एरिया में वाहनों को व्यवस्थित पार्किंग करने के निर्देश दिये। थाना प्रभारी को फोटोग्राफ्स भेजकर नाबालिग बच्चों के परिजनों से संपर्क करके कार्रवाई के निर्देश दिये हैं।

# मूंग उपार्जन नीति के विरोध में पीपल चौक पर किसानों ने किया धरना प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम




मूंग उपार्जन 2024 की नीति में हुए बदलाव के विरोध में सोमवार को नर्मदापुरम में भारतीय किसान संघ का धरना शुरू हुआ। पीपल चौक पर 12 बजे से अनिश्चितकालीन धरने में संगठन के जिला पदाधिकारी और किसान शामिल हुए है। उपार्जन नीति में मूंग खरीदी 8क्विंटल प्रति हेक्टेयर सरकार ने नियम बनाया है। जिससे किसानों की आधी फसल ही बिक पाएगी। इससे किसानों को नुकसान होगा। सरकार के इस नियम को लेकर प्रदेश के कई जिलों में किसान संगठन ज्ञापन और धरना प्रदर्शन कर रहा है। मूंग खरीदी में मात्रा को बढ़ाने की मांग को लेकर भारतीय किसान संघ ने सोमवार को धरना शुरू किया है। जिला अध्यक्ष देवेंद्र पटेल ने बताया सरकार की किसान विरोधी नीति का हमारा संगठन विरोध कर रहा है। सरकार की इस नीति से केवल व्यापारियों को फायदा होगा। किसानों को आधी फसल को कम दामों में मंडियों में बेचना पड़ेगा। इस दौरान दौरान भाकिसं संभाग संगठन मंत्री दिनेश शर्मा, संभाग अध्यक्ष सर्वज्ञ दीवान, जिलाध्यक्ष देवेन्द्र पटेल, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य सूरजबली जाट, संभाग बिजली प्रभारी ओमप्रकाश उपाध्याय, रजत दुबे समेत अन्य मौजूद रहे।

## पचमढ़ी की वादियों में सफेद चादर सा नजारा...



**पचमढ़ी।** बारिश के साथ कोहरे ने बढ़ाया पचमढ़ी का सौंदर्य। पर्वतीय स्थल पचमढ़ी में बारिश के मौसम के दौरान खूबसूरत नज़ारे सबका मन मोह रहे हैं। मौसम विभाग द्वारा जारी किए डाटा अनुसार सप्ताह भर बारिश होने की आशंका है। हालांकि बारिश रुक–रुक कर होगी ऐसी जानकारी दी गई है।

# राष्ट्रीयकृत बैंक मित्र संघ के जिला अध्यक्ष बने राकेश दुबे

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

राष्ट्रीयकृत बैंक मित्र संघ के चुनाव आज हुए। प्रदेश स्तर के चुनाव में होशंगाबाद जिले के लिए इटारसी में वोटिंग की गई। यह चुनाव संघ के जिला अध्यक्ष के लिए कराया गया। इस चुनाव में राष्ट्रीयकृत बैंक के कियोस्क चलाने वाले संचालक जिन्हें बैंक मित्र का नाम दिया गया शामिल हुए। यह चुनाव प्रदेश के सभी जिलों में कराए जा रहे हैं। मध्यप्रदेश के बैंक मित्रों के पंजीकृत ट्रेड यूनियन, राष्ट्रीयकृत बैंक मित्र संघ के लिए पहली बार जिलाध्यक्ष पद के लिए हुए। शहरी आजीविका केंद्र इटारसी में हुए चुनाव में कुल 98 पंजीकृत बैंक मित्रों में से 58 बैंक मित्रों ने जिलाध्यक्ष पद हेतु वोट किया। जिलाध्यक्ष के चंद्रेश सोनी एवं राकेश कुमार दुबे उम्मीदवार थे। एलडीएम आरडी बघेल ने वोटों की गिनती की इसमें राकेश दुबे को वोट 44 मिले जबकि चंद्रेश सोनी को 14 वोट मिले और राकेश दुबे चुनाव जीत गए। चुनाव पी-वन अधिकारी राजेश्वर चौरे, पी-टू अधिकारी राकेश लौवंशी तथा पी-थ्री अधिकारी प्रकाश मालवीय द्वारा संपन्न हुआ। राज्य समिति से चुनाव हेतु मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रमोद दुबे एवं चुनाव समिति सदस्य शंकर खरवार उपस्थित रहे। विजय प्रत्याशी राकेश दुबे को एलडीएम आरडी बघेल द्वारा प्रमाणपत्र दिया गया।

# तीन पुराने प्रत्याशियों के बीच होगा अध्यक्ष पद पाने के लिए मुकाबला

## अधिवक्ता संघ के लिए लिए चुने जाएंगे प्रतिनिधि

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

अभिभाषक संघ के चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए तीन प्रत्याशी मैदान में बचे हैं। इनके बीच से ही वकील अगले कार्यकाल के लिए अपना अध्यक्ष चुनेंगे। सचिव पद के लिए रिकार्ड पांचवी बार पारस जैन निर्वाचित हुए हैं। इस बार वे निर्विरोध निर्वाचित हो गये। सोमवार को नाम वापसी के अंतिम दिन उपाध्यक्ष पुरुष का पद पर भी एक ही नाम निर्विरोध तय हो गया। ग्रंथपाल पद के लिए दो प्रत्याशी थे और दोनों ने ही नाम वापस ले लिया। अब निर्वाचित संघ इस पद पर चुनाव बाद फैसला लेगा या उपचुनाव होगा। फिलहाल यह पद रिक्त रहेगा। अभिभाषक संघ के अध्यक्ष पद के लिए मुकाबला कड़ा रहेगा। इनमें अशोक शर्मा और रमेश राजपूत पूर्व में भी इस पद पर रह चुके हैं। इस बार फिर वे मैदान में हैं। संजय कुमार त्रिपाठी मुकाबले को त्रिकोणीय बना रहे हैं। उपाध्यक्ष के दो पद हैं, एक महिला और एक पुरुष के लिए। दोनों ही पद निर्विरोध भरे जा चुके हैं। उपाध्यक्ष पुरूष पद पर मनीष बाजपेयी निर्विरोध निर्वाचित हो गये। ममता नागेश दो दिन पूर्व ही निर्विरोध निर्वाचित हो चुकी थीं। सचिव पर पद पारस जैन भी निर्विरोध निर्वाचित हो गये। अब अध्यक्ष पद के अलावा सहसचिव पद के लिए मोहम्मद सगीर सिद्दीकी और विजय कुमार दुबे में मुकाबला रहेगा। कोषाध्यक्ष पद के लिए तीन प्रत्याशी मैदान में डटे हुए हैं, इनमें मनोज पांडेय, रवि कुमार सावदकर और राजेश चौरे हैं। कार्यकारिणी के पांच पद के लिए आठ उम्मीदवार अनिल कुमार शुक्ला, अनुराग चौरे, भूरे सिंह भदौरिया, जितेन्द्र कुमार जैन, जयप्रकाश शुक्ला, राघवेन्द्र पांडेय, समर्थ तिवारी और योगेश चावरे मैदान में हैं।

# राष्ट्रीय सेवा योजना बी प्रमाण पत्र परीक्षा का आयोजन




हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

श्री माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय माखन नगर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई क्रमांक 01 बालक एवं इकाई क्रमांक 02 बालिका के द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के स्वयं सेवक जिन्होंने 240 घंटे की कार्य अवधि पूर्ण कर ली है उनके लिए रासेयो बी प्रमाण -पत्र की परीक्षा आयोजित की गई परीक्षा उपरांत सभी स्वयं सेवकों द्वारा वायु दूत ऐप के माध्यम से महाविद्यालय परिसर में विद्यावन विकसित करने हेतु पौधरोपण किया गया इस अवसर पर महाविद्यालय नोडल अधिकारी प्रो आर के चौकीकर कार्यक्रम अधिकारी प्रो आर एस पटेल एवं डॉ अनिता साहू एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई स्वयं सेवक उपस्थित रहे।

# स्कूल में बगैर अनुमति के अनुपस्थित होने वाले 7 शिक्षकों की वेतनवृद्धि रोकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा



नवीन शैक्षणिक सत्र प्रारंभ होने पर विकासखंड के स्कूलों का निरीक्षण वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा किया जा रहा है। सोमवार को एसडीएम सरोज सिंह परिहार द्वारा शासकीय नवीन कन्या हाई स्कूल बानापुरा का आकस्मिक निरीक्षण किया गया निरीक्षण के समय सात शिक्षक शिक्षिकाएं अनुपस्थित पाए गए अनुपस्थित शिक्षकों में अंनतेश गढ़वाल उच्च माध्यमिक शिक्षक, मुकेश मिश्रा उच्च श्रेणी शिक्षक, रजनी वर्मा प्राथमिक शिक्षक, राजेश खत्री माध्यमिक शिक्षक, ममता साहू माध्यमिक शिक्षक, अनिल सोनी सहायक शिक्षक, विनीता पटेल प्राथमिक शिक्षक निरीक्षण के समय अनुपस्थित थे जबकि आरती रघुवंशी 4 जुलाई से 9 जुलाई तक आकस्मिक अवकाश पर पाई गई अनुपस्थित पाए गए शिक्षकों का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश एसडीएम द्वारा दिए गए शासकीय नेहरू उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण करने पर पाया गया कि निरीक्षण के समय विनय कुमार तिवारी माध्यमिक शिक्षक अनुपस्थित रहे एवं शैली तिवारी विगत चार दिवस से बगैर सूचना की अनुपस्थिति थी इनके भी वेतन काटने के निर्देश विकासखंड शिक्षा अधिकारी सिवनी मालवा को दिए हैं।

## चौरिया कुर्मी महासभा का आयोजन

# समाज की प्रतिभाएं हुई सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ शोभापुर



चौरिया कुर्मी महासभा मप्र/महाराष्ट्र का प्रदेश स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह शहर के निजी रिर्जाट में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विशेष रूप से नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे, चौरिया कुर्मी महासभा अध्यक्ष नवीन पटैल, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष कुशल पटेल, सुधीर पटेल, बीके पटेल, रामकिशोर चौरे, पुरुषोत्तम पटेल, प्रशांत जाधव, एसके पटेल, बलराम पटेल, एसके पटेल ने समाज की 10 वी और 12वीं छात्र छात्राओं, खेल समाजसेवी का सम्मान किया।

चौरिया कुर्मी महासभा के अध्यक्ष नवीन पटेल और सह मीडिया प्रभारी राकेश पटेल ने बताया कार्यक्रम में उन सभी युवाओं का सम्मान किया जिन्होंने अपने हुनर और हौसले से अपने आप को निखारा और आज न केवल अपने परिवार का बल्कि पूरे समाज का गौरव बढ़ा रहे हैं। समाज की 250 से अधिक सामाजिक प्रतिभाओं का सम्मान किया। कक्षा दसवीं व बारहवीं कक्षा में 80 फीसदी या इससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान किया। इसके अलावा उच्च शिक्षा, खेलकूद और सामाजिक गतिविधियों में बेहतर सेवा दे रहे सामाजिक बंधुओं का सम्मान किया गया।

# पंचायत सचिवों ने सीईओ जिपं के नाम सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

जनपद पंचायत की 52 ग्राम पंचायत के रोजगार सहायक एवं 52 ग्राम पंचायत के सचिवों के द्वारा शासन के द्वारा संचालित सार्थक एप के बारे में विरोध करते हुए जिला पंचायत सीईओ के नाम ज्ञापन एडीओ को सोपा। इसमें बताया गया है कि शासन के द्वारा निर्देश दिए गए हैं कि प्रदेश सरकार के माध्यम से सुबह 10:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक सभी सरकारी कार्यालय का समय निर्धारित किया गया है। इस समय कर्मचारी उपस्थित कार्यालय में 10:00 बजे दर्ज कराएंगे जिसमें शासन के द्वारा सार्थक एप पर अपनी उपस्थिति देने के लिए निर्देश दिए गए हैं। ग्राम पंचायत सचिव रोजगार सहायकों ने कहा है कि उनके क्षेत्र में ग्राम पंचायत में आने वाले कामों को लेकर लगभग 15 दिन तक जनपद पंचायत तहसील कार्यालय जिला पंचायत सहित कई जगह आना-जाना पड़ता है जनपद एवं तहसील की कई बैठकों में भी शामिल होना पड़ता है।

# पंचायत में भ्रष्टाचार, सामुदायिक भवन में चल रही है किराने की दुकान

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

पिपरिया जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत में कहीं ग्राम पंचायत सचिव रोजगार सहायक अपने समाजवाद को फैलाने में लगे हुए हैं तो कहीं पर अपनों को लाभ देने में कहीं पीछे नहीं है ऐसा प्रतीत होता है कि पंचायत में अपनी निजी संपत्ति के तौर पर हैं इस तरह से उनका उपयोग किया जा रहा है। ग्राम पंचायत मोहरी कला में देखा गया कि लगभग 3 वर्षों से सामुदायिक भवन का निर्माण चल रहा है कभी चलता है कभी बंद कर दिया जाता है जिसमें पीछे की तरफ विगत वर्षों में ग्राम वासियों के जानवर बांधे जाते जाते थे तो वहीं पर भूसा भी रखा जाता था। लेकिन इस बार देखा गया कि विकास कार्य के नाम पर सामुदायिक भवन में अभी प्लास्टर का काम चल रहा है लेकिन पीछे के कमरे में ग्रामवासी एवं सचिव के समाज जनों की किराने की दुकान लगी हुई है। उनका सामान रखा हुआ है तथा वहां पर गुर्जर किराना दुकान भी लिखा हुआ है। तरह के मामले भी सामने आ रहे हैं सरपंच सचिव वरिष्ठ अधिकारियों की मिली भगत से व्यापक स्तर पर भ्रष्टाचार एवं कई घोटाले विभिन्न पंचायत में हो रहे हैं जिम्मेदारी उसकी अधिकारी नहीं उठा रहे हैं धारपुरा में स्वच्छता परिसर अधूरा है।

आवश्यकता है | हरिभूमि
रिपोर्टर, कम्प्यूटर आपरेटर
की आवश्यकता है।
सम्पर्क करें।
हरिभूमि कार्यालय, भारत पेपर मार्ट के ऊपर
कोठी बाजार, नर्मदापुरम- 9406929830

## खबर संक्षेप

### लाड़ली लक्ष्मी योजना से मिल रही मदद

**सीहोर।** प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश के नागरिकों के सुखद भविष्य को लेकर अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं बनाकर उन्हें जमीनी स्तर पर संचालित किया जा रहा है। इन योजनाओं से प्रदेश के लाखों लोग लाभांवित हो रहे हैं। इन्हीं जनकल्याणकारी योजनाओं में से एक लाडली लक्ष्मी योजना भी है, जो बालिका जन्म के प्रति जनता में सकारात्मक सोच, लिंग अनुपात में सुधार, बालिकाओं की शैक्षणिक स्तर के साथ ही स्वास्थ्य की स्थिति में सुधार तथा उनके अच्छे भविष्य की आधारशिला रखने के उद्देश्य से संचालित है। शासन की इस महत्वपूर्ण योजना से सीहोर शहर की शिवानी यादव की बेटी लाडली वैष्णवी भी लाभान्वित हुई है। शिवानी बताती है कि वैष्णवी का पंजीयन लाडली लक्ष्मी योजना में कराने से मुझे अपनी बेटी की शिक्षा एवं विवाह की कोई चिंता नही है। योजना के तहत वैष्णवी की शिक्षा के साथ ही उसकी शादी के लिए भी धनराशि प्रदान की जाएगी। प्रदेश सरकार की यह लाडली लक्ष्मी योजना मेरे जैसी अनेक माताओ को अपने बच्चों के बेहतर भविष्य बनाने में मददगार है। शिवानी ने इस योजना के लिए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को धन्यवाद दिया है।

### नव चेतना सेवा समिति ने की विद्यार्थी की मदद

**सीहोर।** लंबे समय से समाजसेवा और धार्मिक कार्य में सक्रिय रहने वाली नव चेतना सेवा समिति ने एमबीबीएस विद्यार्थी के सहयोग के लिए आगे आई है। समिति का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद मेधावी और प्रतिभावान विधार्थियो को मदद करना रहा है। हाल ही में फिर एक मेडिकल विद्यार्थियों की मदद के लिए समिति आगे आई। विद्यार्थी अभय चौहान ग्राम सेंधुखेड़ी तहसील आष्टा जिला सीहोर से शासकीय बुंदेलखंड चिकित्सा महाविद्यालय सागर मे अध्यनरत है। विद्यार्थी ने बताया कि उसकी की बहन कैंसर से पीड़ित है और विद्यार्थी के पिता भी नहीं है तथा आर्थिक हालत भी ठीक नहीं है और बहन के इलाज में अपनी फीस के पैसे खर्च कर दिए। विद्यार्थी को अपनी मेडिकल की फीस नहीं हो पा रही थी तो ऐसे मे विधार्थी ने नव चेतना सेवा समिति से संपर्क किया तथा समिति से मदद की इच्छा जाहिर की समिति तुरंत विद्यार्थी की मदद के लिए आगे आई और विद्यार्थी की मेडिकल कॉलेज की फीस में आर्थिक सहयोग किया।

### 60 वर्ष बाद मिलेगी 3 हजार रुपए पेंशन

**सीहोर।** केन्द्र सरकार द्वारा असंगठित श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए केन्द्रीय श्रम मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन पेंशन योजना प्रारंभ की गई है। योजना के अंतर्गत 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के समस्त असंगठित क्षेत्र के श्रमिक जिनकी मासिक आय 15 हजार से कम है, इस योजना के लिए पात्र होंगे। योजना के अंतर्गत नामांकन के लिए 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के श्रमिकों को प्रतिमाह 55 से 200 रूपये प्रीमियम के रूप मे जमा करना होगी। भारत सरकार श्रम मंत्रालय द्वारा जमा की जाएगी जिसमें 50 प्रतिशत प्रीमियम की राशि भारत सरकार श्रम मंत्रालय द्वारा वहन की जाएगी। श्रमिक की 60 वर्ष आयु पूर्ण होने पर बीमित व्यक्ति को 3 हजार प्रतिमाह रुपये पेंशन के रूप में प्राप्त होगी।

नवरात्रि के दूसरे दिन मां दुर्गा के देवी ब्रह्मचारिणी स्वरूप की पूजा-अर्चना की

# मरीह माता मंदिर में चल रहा दुर्गा चालीसा और दुर्गा सप्तशती का पाठ

पंडित मनोज दीक्षित ने बताया कि नवरात्र के दूसरे दिन मां दुर्गा के देवी ब्रह्मचारिणी स्वरूप की पूजा करने का विधान है। माता के नाम से उनकी शक्तियों के बारे में जानकारी मिलती है। ब्रह्म का अर्थ है तपस्या और चारिणी का अर्थ है आचरण करने वाली अर्थात तप का आचरण करने वाली ब्रह्मचारिणी को हमन बार बार नमन करते हैं।



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

इस साल भी शहर के विश्रामघाट के समीपस्थ मरीह माता मंदिर पर आषाढ गुप्त नवरात्रि के पावन अवसर पर दिव्य अनुष्ठान और विशेष हवन पूजन का आयोजन किया जा रहा है। यहां पर सुबह और शाम को आरती की जाती है। इसके अलावा प्रतिदिन मां का विशेष श्रृंगार किया जाता है। नवरात्रि के दूसरे दिन मंदिर के व्यवस्थापक गोविन्द मेवाड़ा, रोहित मेवाड़ा, पंडित उमेश दुबे, ज्योतिषाचार्य पंडित गणेश शर्मा, जिला संस्कार मंच के संयोजक जितेन्द्र तिवारी, मनोज दीक्षित मामा सहित अन्य श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की। मंदिर में सुबह और शाम को दुर्गा चालीसा और दुगा सप्तशती का पाठ किया जाता है। इसके अलावा मंदिर में देवी के स्वरूप पर चर्चा की जाती है। साधकों के द्वारा नौ देवी के अलावा माता दुर्गा के 10 महाविद्याओं का पूजा की जाती है। पंडित दीक्षित ने बताया कि नवरात्र के दूसरे दिन मां दुर्गा के देवी ब्रह्मचारिणी स्वरूप की पूजा करने का विधान है। माता के नाम से उनकी शक्तियों के बारे में जानकारी मिलती है।

ब्रह्म का अर्थ है तपस्या और चारिणी का अर्थ है आचरण करने वाली अर्थात तप का आचरण करने वाली ब्रह्मचारिणी को हमन बार बार नमन करते हैं। माता ब्रह्मचारिणी की पूजा अराधना करने से आत्मविश्वास, आयु, आरोग्य, सौभाग्य, अभय आदि की प्राप्ति होती है। माता ब्रह्मचारिणी को ब्राह्मी भी कहा जाता है। मां भगवती की इस शक्ति की पूजा अर्चना कने से मनुष्य कभी अपने लक्ष्य से विचलित नहीं होता और सही मार्ग पर चलता है। मां दुर्गा ने पार्वती के रूप में पर्वतराज के यहां पुत्री बनकर जन्म लिया और महर्षि नारद के कहने पर अपने जीवन में भगवान महादेव को पति के रूप में पाने के लिए कठोर तपस्या की थी।

हजारों वर्षों तक अपनी कठिन तपस्या के कारण ही इनका नाम तपश्चारिणी या ब्रह्मचारिणी पड़ा। अपनी इस तपस्या की अवधि में इन्होंने कई वर्षों तक निराहार रहकर और अत्यन्त कठिन तप से महादेव को प्रसन्न कर लिया। उनके इसी तप के प्रतीक के रूप में नवरात्र के दूसरे दिन इनके इसी रूप की पूजा और स्तवन किया जाता है।

एनडीपीएस एक्ट के तहत की कार्रवाई

# आरोपी से 30 लाख कीमत की 6 किलो चरस बरामद की



**खंडवा।** पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार राय के निर्देशानुसार जिले के सभी थानों में अवैध मादक पदार्थों के व्यवसाय करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है।

इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक खंडवा (शहर) महेंद्र तारणेकर और नगर पुलिस अधीक्षक अरविंद सिंह तोमर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी मोघट निरीक्षक संजय पाठक और उनकी टीम ने सोमवार को थाना मोघट रोड में एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की। बता दें कि मुखबिर की सूचना पर थाना मोघट रोड के उपनिरीक्षक रमेश मोरे और उनकी टीम ने जिला अस्पताल खंडवा के पास से एक व्यक्ति को नीले रंग की शर्ट और जीन्स पैंट पहने हुए पकड़ा। उक्त व्यक्ति मोहम्मद मुमताज आजम पिता अब्दुल सलाम उम्र 30 साल, निवासी ग्राम फेनहरी जिला मोतीहारी बिहार के कब्जे से 6 किलो ग्राम अवैध मादक पदार्थ चरस बरामद किया गया, जिसकी बाजार में कीमत लगभग 30 लाख रुपये है। आरोपी को एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया और थाना मोघट रोड में मामला पंजीबद्ध किया है। आरोपी को विशेष न्यायालय एनडीपीएस एक्ट कोर्ट खंडवा में पेश कर पुलिस रिमान्ड लिया गया है।

### किसानों से आग्रह है कि वे ई-खसरा खतोनी ही लें

**सीहोर।** राष्ट्रीय भू-अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम के अन्तर्गत आयुक्त भू-अभिलेख एवं बंदोबस्त म.प्र. ग्वालियर ने ई-खसरा परियोजना को लागू की है। किसानों से आग्रह किया गया है कि वे ई खसरा खतोनी ही लें। इस परियोजना के अन्तर्गत अनुबंधित फर्म द्वारा सभी तहसीलों में आई.टी. सेन्टर स्थापित किये गये है। जिनसे कृषकों को उनकी मांग अनुरूप प्रमाणित खसरा बी-1, नक्शा की प्रतिलिपियाँ नियत शुल्क प्रति पृष्ठ 30 रुपये लेकर उपलब्ध कराई जा रही है।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण जनप्रतिनिधियों व अफसरों ने रोपे विभिन्न पौधे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा







मां हमारा अभिमान होती हैं और जब कोई अभियान मां के साथ जुड़ जाता है तो वह हर किसी का अभिमान हो जाता है। ऐसा ही एक अभियान एक पेड़ मां के नाम जो मां के साथ जुड़कर चलाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर प्रदेशभर सहित सीहोर जिलेभर में यह अभियान चलाया जा रहा है। सीहोर जिले के भेरूंदा में अभियान के दौरान अधिकारी, जनप्रतिनिधियों, स्कूली बच्चों सहित आमजन भी बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं।

इस अभियान के तहत थाना परिसर भैरूंदा में एसडीओपी दीपक कपूर के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी घनश्याम दांगी के नेतृत्व में फलदार पौधे लगाए गए। इस दौरान बीवीएम स्कूल के छात्र-छात्राएं स्कूल से रैली के साथ में थाना परिसर पहुंचे। सभी बच्चे रास्तेभर पेड़ लगाने का संदेश देते हुए चल रहे थे। यहां जनप्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारियों ने एक पौधा मां के नाम लगाया। इस दौरान स्कूली बच्चों ने पर्यावरण के संदेश को लेकर नुक्कड़ नाटक भी किया। इसमें पेड़ लगाओ, पेड़ बचाओ का संदेश दिया। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर, एसडीएम मदन सिंह रघुवंशी, एसडीपीओ दीपक कपूर, थाना प्रभारी घनश्याम दांगी, राजेश पंवार, नितिन मालवीय, मेहराब सिंग, अशफाक खान, बीबीएम स्कूल के छात्र-छात्राएं, शिक्षक सहित अन्य लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर नगर परिषद के अध्यक्ष मारुति शिशिर ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत भेरूंदा में भी बृहद स्तर पर पौधरोपण किया जा रहा है। इस अभियान के तहत अलग-अलग स्थान पर लगातार पौधारोपण करेंगे एवं शहर को हरा भरा और स्वच्छ बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

एसडीएम मदन सिंह रघुवंशी ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान वाकई में अद्भुत पहल है और इस अभियान के तहत भेरूंदा तहसील में लगातार पौधरोपण किया जाएगा। इससे पहले सीहोर में कलेक्टर प्रवीण सिंह के मार्गदर्शन में अधिकारी कर्मचारियों ने अपनी मां के साथ पौधरोपण किया था। इस दौरान 200 से अधिक पौधे कलेक्टर परिसर में लगाए गए थे। कलेक्टर प्रवीण सिंह ने अपनी मां के साथ पौधा लगाया थे और उन्हें अपने कार्यालय का भ्रमण भी कराया था।

# पॉक्सो एक्ट के संबंध में पैरालीगल वॉलंटियर्स को दिया गया प्रशिक्षण



**सीहोर।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार एवं जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष सतीश चंद्र शर्मा के मार्गदर्शन में पैरालीगल वॉलंटियर्स का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में बताया गया कि, पॉक्सो अधिनियम के अंतर्गत पीड़ितों को वांछित सहायता उपलब्ध कराने के लिए सपोर्ट पर्सन नियुक्त किये जाने का प्रावधान किया गया है। कार्यक्रम में पॉक्सो अधिनियम में सपोर्ट पर्सन के कार्यों एवं पॉक्सो अधिनियम के अन्य सुसंगत प्रावधानों के बारे में सरल शब्दों में जानकारी देते हुए सभी को बच्चों के प्रति होने वाले अपराधों को रोकने के लिए अधिक सजग एवं सक्रिय होने के लिए कहा गया। कार्यक्रम में नालसा के जेल में निरूद्ध किशोरों की पहचान तथा विधिक सहायता उपलब्ध कराने सम्बंधी अभियान के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए जेल में निरूद्ध किशोरों की पहचान करने तथा उनके मामलों की कार्यवाही किशोर न्याय बोर्ड में स्थानांतरण के सम्बंध में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में किशोर न्याय अधिनियम के प्रावधानों, किशोर न्याय बोर्ड की कार्य प्रणाली एवं बच्चों से संबंधित प्रावधानों के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही कार्यक्रम में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के सम्बंध में भी सभी को जागरूक होने तथा ग्राम स्तर पर इसे अपनाने हेतु प्रयास करने को कहा गया।

कार्यक्रम में प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय सुमन श्रीवास्तव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एमके वर्मा, प्रधान मजिस्ट्रेट किशोर न्याय बोर्ड मानसी बालूजा, बाल कल्याण समिति पूर्व अध्यक्ष प्रदीप चौहान, जिला विधिक सहायता अधिकारी जीशान खान, लीगल एड डिफेंस काउंसिल्स, पैनल लॉयर्स एवं जिला मुख्यालय सीहोर के पैरालीगल वालेन्टियर्स उपस्थित हुए।

## किसानों ने काम रोका, एसडीएम के समझाने पर माने





**भैरूंदा।** इन्दौर-बुधनी नई रेल लाइन का निर्माण कार्य चल रहा है ऐसे में भैरूंदा तहसील के ग्राम पंचायत राला के किसानों अपनी मांग मनवाने के लिए अपने खेतों से रेलवे लाइन का काम रोका था। एसडीएम मदन सिंह रघुवंशी के आश्वासन पर रेलवे का निर्माण कार्य शुरू कराया।

भैरूंदा के ग्राम पंचायत राला के किसानों के खेतो से रेलवे लाईन का निर्माण कार्य किया जाना था, लेकिन ग्राम पंचायत राला के किसानों ने अपने खेतो में रेलवे का निर्माण कार्य नहीं करने दिया किसानों का कहना था मुआवजे की राशी चार गुना दी जाए।

इस दौरान रेलवे का काम ठप पड़ा हुआ था अपनी मांगों को लेकर किसानों विरोध प्रदर्शन जारी था। रविवार को ग्राम पंचायत राला के किसानों से भैरूंदा एसडीएम मदन सिंह रघुवंशी ने वार्ता कर समाधान का आश्वासन दिया। जिसके बाद रेलवे का कार्य प्रारंभ करवाया गया। एसडीएम मदन सिंह रघुवंशी, तहसीलदार सौरभ शर्मा सहित पुलिस प्रशासन रेलवे टीम, रेवेन्यू डिपार्टमेंट की टीम के द्वारा ग्राम राला में किसानों के द्वारा किए जा रहे विरोध को सहमति से सुलझा कर रेलवे विभाग डिप्टी मैनेजर तथा ठेकेदार को मौके पर कब्जा दिला कर कार्य शुरू कराया।

## अग्रवाल महासभा ने पर्यावरण बचाने का लिया संकल्प





**सीहोर।** पुरे विश्व मे पर्यावरण को सुरक्षित व संरक्षित करने के लिये पौधरोपण करना जरूरी है। जिस प्रकार मानव जीवन मानव जीवन के लिये आक्सिजन जरूरी है, उसी प्रकार मानव जीवन का बचाने के लिये पौधरोपण करना जरूरी है। मध्य प्रदेश अग्रवाल महासभा की जिला इकाई सीहोर एवं सामाजिक संस्था अग्रसोच सौशल फाउण्डेशन के संयुक्त तत्वाधान में रविवार को 108 फल फूल व औषधीय पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ व्यापारी एवं अग्रवाल समाज के पूर्व अध्यक्ष माधव प्रसाद अग्रवाल, विशेष रूप से वरिष्ठ समाजसेवी मातादीन अग्रवाल, विशेष अतिथि अग्रवाल महिला महासभा की अध्यक्ष अंजु अग्रवाल, अग्रवाल महासभा के जिलाध्यक्ष सोनू गोयल के अतिथ्य एवं अग्रसोच सौशल फाउण्डेशन के सचिव आशीष गुप्ता की अध्यक्षता में पौधरोपण कार्यक्रम भगवान गणेशजी, माता महालक्ष्मी एवं अग्रकुल प्रर्वतक अग्रसेन जी की जयघोष के साथ पौधरोपण कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। उपस्थित अतिथियों ने अपने-अपने विचार व्यक्त करते हुए पौधरोपण को अति महत्वपूर्ण बताते हुए हर नागरिक से कम से कम एक पौधा लगाने की अपील की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माधो प्रसाद अग्रवाल ने सम्बोधित करते हुए पेड़ पौधों को हमारे जीवन का आधार बताते हुए कहा कि पृथ्वी पर बिना पेड़ पौधे, पानी व हवा के बीना जीवन की कल्पना नही की जा सकती है। इसलिये पृथ्वी को बचाने के लिये पौधरोपण बहुत जरूरी हो गया है। समाजसेवी नन्दकिशोर मोदी नन्दु भैया ने उपस्थित सभी नागरिकों को पौधा लगाने एवं उसके संरक्षण के लिये संकल्प दिलाया। इस अवसर पर रानू मोदी, नीतू गुप्ता, मनीषा मोदी, रेखा गोयल, पूजा अग्रवाल, नरेश गोयल, अशोक गोयल, एआरशेख मुंशी, मुकेश यादव, संतोष अग्रवाल, सुनील गोयल, अमित बंसल, पवन अग्रवाल, संजय अग्रवाल, पुरुषोत्तम मीणा, समाजसेवी पंकज शर्मा, राजेन्द्र नागर, कमलेश शर्मा, शंकर लाल शर्मा, निशांत गोयल, दीपक गोयल, नरेश गोयल, राखी गोयल, खुशी गोयल, पूजा गोयल, दीपाश गोयल आदि उपस्थित रहे।

राजस्व मंत्री वर्मा ने इछावर में आयोजित कार्यक्रम में किया पौधरोपण

# मां के नाम से एक पौधा अवश्य लगाएं और उसकी देखभाल भी करें : करण सिंह वर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर





राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा इछावर जनपद के ग्राम पंचायत बावडिया नौआबाद में ₹एक पेड़ मां के नाम के तहत आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए तथा पौधरोपण किया।

कार्यक्रम के दौरान राजस्व मंत्री वर्मा ने कहा कि आने वाली पीढ़ी के बेहतर कल के लिए आज पेड़ लगाना आवश्यक है। मां जीवनदात्री होती है, मां के नाम से कम से कम एक पेड़ अवश्य लगाएं एवं उसकी देखभाल करें। ताकि भविष्य में उत्पन्न होने वाले खतरे को कम किया जा सके स्वस्थ वातावरण बन सके । उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में देश एवं प्रदेश सरकार अनेक योजनाओं के माध्यम से जनता के कल्याण के लिए कार्य कर रही है। सरकार द्वारा जनता के लिए लाड़ली बहना योजना, लाड़ली लक्ष्मी योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, निशुल्क राशन योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना एवं अनेक कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। इन योजनाओं से जनता को लाभ मिल रहा है।

# युवा चेतना शिविर में लिया 11 हजार पौधे लगाने का संकल्प





**सीहोर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार सीहोर के तत्वावधान में जिला युवा चेतना शिविर का एक दिवसीय कार्यक्रम शनिवार, 6 जुलाई 2024 को गायत्री शक्तिपीठ नदी चौराहा सीहोर में आयोजित किया गया। जिसमें गायत्री परिवार के युवा मण्डल के सदस्य, सभी तहसील से आये भोपाल जोन समन्वयक आर.पी.हजारी, गृह-गृह यज्ञ प्रभारी रमेश नागर, भोपाल युवा प्रभारी दयानन्द सवेले द्वारा कार्यक्रम को संबोधित किया गया। मीशन के सक्त आन्दोलनों को गति देने एवं युवा साथियों को तीन दिवसीय ऑन लाईन प्रशिक्षण शांतिकुंज हरीद्वार से जुडने हेतु पंजीयन की बात कही बात कही एवं सभी तहसील प्रभारियों ने सीहोर जिले में 11 हजार पौधे लगाने का संकल्प लिया। इसी कड़ी में रविवार को खेल ग्राउण्ड गई। आगामी प्रांतायी युवा सम्मेलन को तहसील स्तरीय तैयारी हेतु प्रेरित किया गया। वर्तमान समय में युवाओं को नशे से बचाने के लिये प्रत्येक तहसील में एक-एक दिवसीय युवा सम्मेलन रखने की आईटीआई कालेज के पास माना बुधनी में प्रातः 9:30 बजे से किया जायेगा। जिला युवा संयोजक मनोहर सिंह दांगी द्वारा आभार व्यक्त करते हुए उपस्थित नवयुवकों को धन्यवाद दिया।